प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शुक्रवार दिनांक 21.11.2025

मुख्य समाचारः—

- केंद्र सरकार ने देश में दशकों पुराने मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नई श्रम संहिताओं को आज से लागू किया।
- छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग—पीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा—दो हजार चौबीस की समेकित मेरिट सूची जारी कर दी है।
- लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूलों के आसपास घूमने वाले आवारा कुत्तों से बच्चों को बचाने के लिए दिशा—निर्देश जारी किए।
- प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को आज ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया।

श्रम—सुधार

केंद्र सरकार ने देश में दशकों पुराने मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नई श्रम संहिताओं को आज से लागू करने की घोषणा की है। श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नई श्रम संहिता देश के कार्यबल के लिए बेहतर वेतन, सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करेंगे। श्री मंडाविया ने कहा कि ये सुधार केवल साधारण बदलाव नहीं हैं, बल्कि देश के प्रत्येक श्रमिक के लिए सरकार की ओर से गरिमा की गारंटी हैं।

चारों श्रम संहिताओं के लागू होने से न्यूनतम वेतन का अधिकार, महिलाओं को समान वेतन का प्रावधान, फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को ग्रेच्युटी, प्रत्येक श्रमिक के लिए सामाजिक सुरक्षा, मुफ्त स्वास्थ्य जांच की सुविधा और ओवरटाइम पर डबल वेतन जैसी व्यवस्थाएं पूरे देश में सुनिश्चित होंगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्र सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा है कि श्रम सुधारों का यह महत्वपूर्ण निर्णय देश के चालीस करोड़ से अधिक श्रमिकों के अधिकार, सुरक्षा, सामाजिक सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण की एक अभूतपूर्व गारंटी है।

आवारा कुत्ता–निर्देश

लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूलों के आसपास घूमने वाले आवारा कुत्तों से बच्चों को बचाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में स्कूलों के प्राचार्य अथवा प्रमुखों से कहा गया है कि वे स्कूल परिसर अथवा आसपास घूमने वाले आवारा कुत्तों के बारे में जानकारी संबंधित ग्राम पंचायतों अथवा नगर निगम के डॉग कैचर नोडल अधिकारियों को उपलब्ध कराएं, जिससे बच्चों को कुत्तों से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। यह भी कहा गया है कि कुत्ता काटने की स्थिति में प्रभावित बच्चों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। सभी जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों में इस आदेश का पालन कराएं, जिससे स्कूलों में बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बन सकें।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि दिशा–निर्देशों के तहत स्कूलों के प्राचार्यों और प्रमुखों से कहा गया है कि वे स्कूलों के आसपास आवारा कुत्तों की गतिविधियों पर नजर रखें।

गौरतलब है कि इस बारे में पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने कुत्तों से सुरक्षा संबंधी दिशा–निर्देश जारी किए थे।

सीआरपीएफ डीजी–जवान मुलाकात

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह आज बीजापुर जिले के ताड़पाला स्थित कैम्प पहुंचे, जहां उन्होंने सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन और डीआरजी के जवानों से मुलाकात की। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा भी मौजूद थे।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले करिगुट्टा पहाड़ पर सुरक्षाबलों ने माओवादियों के खिलाफ अभियान चलाया था।

पीएससी–मेरिट सूची

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–पीएससी ने राज्य सेवा परीक्षा–दो हजार चौबीस की समेकित मेरिट सूची जारी कर दी है। देवेश प्रसाद साहू ने सात सौ तिहत्तर अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं, स्वप्निल वर्मा दूसरे और यशवंत कुमार देवांगन तीसरे स्थान पर हैं।

गौरतलब है कि लोक सेवा आयोग ने दो सौ छियालीस पदों के लिए मुख्य परीक्षा आयोजित की थी। इनमें से छह सौ तिरालीस अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीएससी में उत्तीर्ण सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

डीजीपी / आईजी–सम्मेलन

नवा रायपुर के भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम में आगामी अट्ठाईस से तीस नवंबर तक डीजीपी–आईजी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन प्रदेश में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। इसमें सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक और सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन का उद्देश्य आतंरिक सुरक्षा, नक्सल विरोधी अभियान, ड्रग नियंत्रण और साइबर सुरक्षा जैसे अहम विषयों पर गहन विचार–विमर्श करना है।

गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस सम्मेलन में आतंरिक सुरक्षा के अहम मुद्दों पर गहन मंथन किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूद रहेंगे।

विनोद कुमार शुक्ल–ज्ञानपीठ पुरस्कार

प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को आज ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। ज्ञानपीठ के महाप्रबंधक आरएन तिवारी ने उनके रायपुर स्थित निवास पहुंचकर, उन्हें वाग्देवी की प्रतिमा और चेक प्रदान किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने अपने पाठकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "जब हिन्दी भाषा सहित तमाम भाषाओं पर संकट की बात कही जा रही है, ऐसे में मुझे पूरी उम्मीद है कि नई पीढ़ी हर भाषा और विचारधारा का सम्मान करेगी। उन्होंने कहा कि वे पिछले कई सालों से बच्चों और किशोरों के लिए भी लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर मनुष्य को अपने जीवन में एक किताब जरूर लिखनी चाहिए।

विनोद कुमार शुक्ल पिछले पचास सालों से साहित्य लेखन में जुटे हुए हैं। उनका पहला कविता संग्रह "लगभग जयहिन्द" वर्ष उन्नीस सौ इकहत्तर में प्रकाशित हुआ था। उनके उपन्यास "नौकर की कमीज", "खिलेगा तो देखेंगे" और "दीवार में एक खिड़की रहती थी" हिन्दी के सबसे बेहतरीन उपन्यासों में माने जाते हैं।

खैरागढ़ महोत्सव

खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में चल रहे खैरागढ़ महोत्सव का आज समापन हो रहा है। समापन समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। महोत्सव के बारे में और अधिक जानकारी दे रहे हैं, खैरागढ़ से हमारे संवाददाता –

गोवा–फिल्म महोत्सव

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्महोत्सव के छप्पनवें संस्करण का आज दूसरा दिन है। इफ्फि दो हजार पच्चीस के दूसरे दिन दो विशेष उद्घाटन हुए – इंडियन पैनोरमा और मास्टर क्लास। इंडियन पैनोरमा प्रतिष्ठित भारतीय फिल्मों की विशेष प्रदर्शनी है। यह इस फिल्म महोत्सव का एक मुख्य आकर्षण है।

बस्तर ओलंपिक

बस्तर ओलंपिक के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बाईस और तेईस नवम्बर को जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में होगा। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बस्तर सांसद महेश कश्यप करेंगे। वहीं, तेईस नवंबर को होने वाले समापन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल होंगे।

अधिकारी–गिरफ्तार

पटवारी से राजस्व निरीक्षक पदोन्नति भर्ती घोटाला मामला में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू और एंटी करप्शन ब्यूरो ने दो सांख्यिकी अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। इन अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है। ये दोनों सांख्यिकी अधिकारी रायपुर के आयुक्त भू–अभिलेख कार्यालय में पदस्थ है। इन पर परीक्षार्थियों से रकम लेकर प्रश्न पत्र लीक कराने और परीक्षा के पहले प्रश्नों की तैयारी कराने का आरोप है।

बातों–बातों–में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर पर केंद्रित रहेगा। इसके तहत एक विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कल बाईस नवंबर को एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

धान खरीदी

राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला जारी है। अब तक किसानों से कुल तेईस लाख छियासठ हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं, धान खरीदी के साथ ही किसानों को भुगतान भी शुरू कर दिया गया है। इसके लिए मार्कफेड ने अपेक्स बैंक को दो सौ चौदह करोड़ अट्ठारह लाख रूपए जारी किए हैं। धान खरीदी की व्यवस्था पर निगरानी के लिए सभी केन्द्रों में अधिकारी तैनात किए गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

- नगर पालिका गरियाबंद में पदस्थ इंजीनियर संजय मोटवानी को एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने तीस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

- प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत केन्द्रीय क्षेत्रीय छात्रवृत्ति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तीस नवंबर तक बढ़ा दी गई है।

- दुर्ग पुलिस ने रेलवे मालगोदाम में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर ने बत्तीस लोगों से तैंतीस लाख रूपए से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

- जल संसाधन विभाग की अमीन भर्ती परीक्षा सात दिसंबर को प्रदेशभर के निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>